कार्यालय छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर
व्यापम भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)–492002
Phone No.- 0771-2972780, Fax No.- 2972782,
Website- https://vyapam.cgstate.gov.in

क्रमांक / व्यापम / 2023 / 4383 रायपुर, दिनांक 14-08-23

प्रेस विज्ञप्ति

छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ मर्यादित, रायपुर के अंतर्गत सहायक प्रबंधक (उपार्जन), सहायक प्रबंधक (प्रक्रिया), सहायक प्रबंधक (निर्माण) एवं सहायक प्रबंधक (प्रबंधन) के संविदा पदों पर भर्ती परीक्षा 2023 (LVAM23) के अंतिम उत्तर तथा परीक्षा परिणाम जारी करने के संबंध में

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ, रायपुर, (छ.ग.) का पत्र क्र./MFP 01/स्था./2023/6163 नवा रायपुर, दिनांक 11.05.2023 द्वारा प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर सहायक प्रबंधक (उपार्जन), सहायक प्रबंधक (प्रक्रिया), सहायक प्रबंधक (निर्माण), सहायक प्रबंधक (प्रबंधन) के संविदा पदों पर भर्ती परीक्षा 2023 (LVAM23) का आयोजन दिनांक 13.06.2023 को दो पालियों में किया गया था। उपरोक्त परीक्षाओं के मॉडल उत्तर व्यापम के वेबसाइट पर प्रदर्शित किये गये एवं दावा/आपत्ति आमंत्रित की गई। तिथियों का वर्णन निम्नानुसार है–

परीक्षा का नाम	मॉडल ऑसर जारी करने की तिथि	दावा/आपत्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि
सहायक प्रबंधक (उपार्जन), सहायक प्रबंधक (प्रक्रिया), सहायक प्रबंधक (निर्माण), सहायक प्रबंधक (प्रबंधन) भर्ती परीक्षा 2023 (LVAM23)	29-06-2023	02-07-2023

प्राप्त दावा–आपत्तियों का निराकरण विषय विशेषज्ञों द्वारा किया गया। तदुपरांत परीक्षा परिणाम तैयार की गई । दिनांक 14.08.2023 को व्यापम वेबसाइट पर उपरोक्त परीक्षाओं के अंतिम उत्तर तथा परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है।

अभ्यर्थी संपूर्ण परीक्षा परिणाम व्यापम के वेबसाइट **https://vyapam.cgstate.gov.in** एवं **https://vyapam.cgstate.gov.in/result/result.html** पर स्वयं का परीक्षा परिणाम प्रोफाइल में लॉगिन कर देख सकते हैं।

कृपया उक्त विज्ञप्ति अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें ।

नियंत्रक
छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल
रायपुर